**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

## पीएम रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेला के दौरान उन्होंने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत योजना की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढे तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा–एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं की शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानती है। उन्होंने कहा कि भारत की कूटनीतिक वार्ताओं और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोज़गार सृजन के प्रावधान भी शामिल हैं।

## रोज़गार मेला

इधर राजधानी शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। शिमला में कुल 96 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए जो डाक, गृह मंत्रालय, रेलवे, वित्तीय सेवाएं, केंद्रीय वस्तु व सेवा कर, उच्च शिक्षा विभाग, पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के बड़सर में नवनिर्मित मिनी सचिवालय और बुंबलू हैलीपैड का उदघाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मानखड्ड पर बनने वाले चैकडैम और धनेटा बड़सर सड़क के उन्नयन कार्य का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय से लोगों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनके समय की बचत

भी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के एक समान विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

**नड्डा पोलियो**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जंगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर अटूट राष्ट्रीय प्रयासों और सशक्त जनभागीदारी के माध्यम से पोलियो उन्मूलन में भारत की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन में सफलता समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों से संभव हुई है। जगत प्रकश नड्डा ने लोगों से समय पर टीकाकरण के माध्यम से प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने और एक स्वस्थ, पोलियो मुक्त भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया है।

..........................................................................................................................................................